# <u>कार्यवृत्त नीलामी (टैन्ड़र)</u>

आज दिनांक 28.04.2026 को अपराह्न 01:30 बजे न्यायालय मेरे विश्राम कक्ष में माननीय ज़िला न्यायाधीश महोदय के प्रशासनिक आदेश संख्या-26/2026 दिनांकित 20.04.2026 के द्वारा गठित नई नीलामी समिति की बैठक हुई । जिसमें श्री संजय कुमार, सदस्य नीलामी समिति / अपर जिला जज कक्ष संख्या-10 सहारनपुर तथा श्री संजीव कुमार शर्मा सदस्य नीलामी समिति/कोर्ट मैनेजर सहारनपुर उपस्थित आये । श्री प्रबोध कुमार वर्मा, सदस्य नीलामी समिति / अपर जिला जज / त्वरित न्यायालय-द्वितीय सहारनपुर अवकाश पर होने के कारण उपस्थित नही आये ।

बैठक में केन्द्रीय नाजिर द्वारा नीलामी समिति के समक्ष न्यायापीठ सहारनपुर स्थित विभिन्न सातों प्रतिष्ठानों (कैन्टीन-नाश्ता चाय आदि, साईकिल स्टैंड़, फोटोस्टेट दुकान नं0-01, फोटोस्टेट दुकान नं0-2, पान की दुकान नं0-01, पान की दुकान नं0-02 व एक रेहड़ी दाल मौठ) की नीलामी की वित्तीय वर्ष-2026-2027 हेतु पत्रावली प्रस्तुत की गयी ।

समिति द्वारा पत्रावली का अवलोकन किया गया । अवलोकन करने पर विदित हुआ कि दिनांक 18.04.2026 की नीलामी हेतु न्यायपीठ सहारनपुर स्थित उपरोक्त सातों प्रतिष्ठानो (चाय कैन्टीन, साईकिल स्टैंड़, फोटोस्टेट दुकान नं0-01, फोटोस्टेट दुकान नं0-02, पान की दुकान नं0-01, पान की दुकान न0-2 तथा रेहड़ी दाल मौठ) को वित्तीय वर्ष-2026-2027 हेतु सीलबंद टैन्ड़र के माध्यम से उठाये जाने हेतु दिनांक 17.04.2026 तक सीलबंद टैन्ड़र आमंत्रित किये गये थे । जिसके सम्बन्ध में भिन्न-भिन्न तिथियों (दिनांक 04.04.2026 को अमर चिंगारी, दिनांक 08.04.2026 को दैनिक सूरज केसरी, दिनांक 11.04.2026 को अमर उजाला तथा दिनांक 16.04.2026 को पश्चिमांचल) में प्रकाशन कराया गया एवं माननीय उच्च न्यायालय तथा जिला न्यायालय की वेबसाईट पर अपलोड कराया गया परन्तु व्यापक रुप से प्रचार-प्रसार कराये जाने के पश्चात भी उक्त प्रतिष्ठानों को टैन्ड़र के माध्यम से उठाये जाने से सम्बन्धित कोई सीलबंद टैन्ड़र उक्त नियत तिथि तक प्राप्त नही हुआ ना ही कोई टैन्ड़रकर्ता उपस्थित आया । इसके अतिरिक्त माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद की विज्ञप्ति के अनुक्रम में न्यायिक अधिकारीगण का वार्षिक स्थानान्तरण होने के फलस्वरुप नई नीलामी समिति गठित न होने के कारण भी उक्त नियत तिथि को सीलबंद टैन्ड़र के माध्यम से नीलामी की कार्यवाही सम्पादित नही की जा सकी ।

बैठक में सर्वसम्मति से पूर्ववत निर्धारित नियम व शर्तों पर विचार किया गया व केन्द्रीय नाजिर को निर्देशित किया गया कि अहर्ता के बिन्दु पर अलग-अलग तथा सीलबंद टैन्ड़र आमंत्रित करके नीलामी की कार्यावाही किये जाने हेतु टैन्ड़र प्रक्रिया के तहत व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु सार्वजनिक सूचना न्यायपीठ के नोटिस बोर्ड़ व कलेक्ट्रेट में स्थित नोटिस बोर्ड़ तथा अन्य दृश्यमान स्थानों पर चस्पा करायें तथा उपरोक्त से सम्बन्धित सूचना एक राष्ट्रीय व तीन स्थानीय समाचार-पत्रों में प्रकाशन करायें एवं जिला न्यायालय सहारनपुर के पोर्टल, एन.आई.सी. पोर्टल तथा माननीय उच्च न्यायालय की अधिकृत वेबसाईट पर भी नीलामी तिथि व विवरण अपलोड़ करायें ।

बैठक में सर्वसम्मति से इस न्यायपीठ स्थित उपरोक्त सात प्रतिष्ठानो की नीलामी के सम्बन्ध में पुन: दिनांक 07.05.2026 तक सांय 05:00 बजे सीलबंद टैन्ड़र आमंत्रित किये जाते हैं, जो दिनांक 08.05.2026 को समय 04:30 बजे टैन्डरदाताओं की उपस्थिति में न्यायालय परिसर में स्थित ए.ड़ी.आर. भवन में खोले जायेगें ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 28.4.26 | | 28.4.2026 | 28.4.26 |
| (संजीव कुमार शर्मा)<br>सदस्य नीलामी समिति/<br>कोर्ट मैनेजर<br>सहारनपुर । | (प्रबोध कुमार वर्मा)<br>सदस्य नीलामी समिति/<br>अपर जिला जज/त्वरित न्यायालय-II<br>सहारनपुर । | (संजय कुमार)<br>सदस्य नीलामी समिति /<br>अपर जिला जज कक्ष सं0-10<br>सहारनपुर । | (मौ0 अहमद खान)<br>अध्यक्ष नीलामी समिति/<br>अपर जिला जज/विशेष न्यायाधीश<br>( एस.सी./एस.टी.एक्ट) सहारनपुर । |

Seen.

DISTT. JUDGE
SAHARANPUR
28.4.26

# सार्वजनिक सूचना

दीवानी न्यायालय परिसर सहारनपुर में स्थित विभिन्न प्रतिष्ठानों-एक कैन्टीन (नाश्ता चाय आदि), साईकिल स्टैंड़, फोटोस्टेट दुकान नं0-01, फोटोस्टेट दुकान नं0-2,पान की दुकान नं0-01,पान की दुकान नं0-02 व एक रेहड़ी दाल मौठ को टैन्ड़र द्वारा उठाये जाने के लिए वित्तीय वर्ष-2026-2027 हेतु दिनांक 07.05.2026 समय सांय 05:00 बजे तक सीलबंद निविदाएं (टैन्ड़र) आमंत्रित किये जातें हैं, जो दिनांक 08.05.2026 को सांय 04:30 बजे न्यायालय परिसर स्थित ए.ड़ी.आर.भवन में खोले जायेगें। इच्छुक निविदाकर्ता (टैन्ड़रकर्ता) नियम व शर्तों, स्थान तथा समय आदि के सम्बन्ध में नज़ारत अनुभाग, सहारनपुर से कार्यालय समय पर तथा न्यायालय के सूचना पट से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

28-4-26

(मौ0 अहमद खान)

अध्यक्ष,नीलामी समिति /

अपर जिला जज/विशेष न्यायाधीश

(एस.सी/एस.टी.एक्ट) सहारनपुर।

# प्रेस विज्ञप्ति

दीवानी न्यायालय परिसर सहारनपुर में स्थित विभिन्न प्रतिष्ठानों-एक कैन्टीन (नाश्ता चाय आदि), साईकिल स्टैंड़, फोटोस्टेट दुकान नं0-01, फोटोस्टेट दुकान नं0-2,पान की दुकान नं0-01,पान की दुकान नं0-02 व एक रेहड़ी दाल मौठ को टैन्ड़र द्वारा उठाये जाने के लिए वित्तीय वर्ष-2026-2027 हेतु दिनांक 07.05.2026 समय सांय 05:00 बजे तक सीलबंद निविदाएं (टैन्ड़र) आमंत्रित किये जातें हैं, जो दिनांक 08.05.2026 को सांय 04:30 बजे न्यायालय परिसर स्थित ए.ड़ी.आर.भवन में खोले जायेगें। इच्छुक निविदाकर्ता (टैन्ड़रकर्ता) नियम व शर्तों, स्थान तथा समय आदि के सम्बन्ध में नज़ारत अनुभाग, सहारनपुर से कार्यालय समय पर तथा न्यायालय के सूचना पट से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

28.4.26

(मौ0 अहमद खान)
अध्यक्ष,नीलामी समिति /
अपर जिला जज/विशेष न्यायाधीश
(एस.सी/एस.टी.एक्ट) सहारनपुर।

प्रेषक,

**मौ0 अहमद खान**
**अध्यक्ष नीलामी समिति /**
**अपर जिला जज / विशेष न्यायाधीश**
**(एस.सी./एस.टी.एक्ट), सहारनपुर।**

प्रेषित,

**निदेशक,**
**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग,**
**उत्तर प्रदेश**
**लखनऊ।**

**पत्रांक-** 122/ XVCN/2026 **दिनांक-** 28-4-26

**विषय: न्यायापीठ सहारनपुर स्थित विभिन्न सात प्रतिष्ठानों की वित्तीय वर्ष-2026- 2027 हेतु ठेके की नीलामी की विज्ञप्ति के प्रकाशन के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त सन्दर्भित विषय में अवगत कराना है कि वित्तीय वर्ष-2026-2027 हेतु जिला न्यायालय सहारनपुर परिसर स्थित 1- चाय कैन्टीन, 2- साईकिल स्टैन्ड, 3- दो फोटोस्टेट दुकान , 4- दो पान की दुकान व 5- रेहड़ी दाल मौठ इस प्रकार कुल 07 प्रतिष्ठानों के ठेके की नीलामी की विज्ञप्ति **शासनादेश संख्या-562/19-दो-2007-1007/74(टी.सी.) दिनांकित 04.07.2007** के आलोक में आपके कार्यालय के माध्यम से कराया जाना अपेक्षित है। इस पत्र के माध्यम से वित्तीय वर्ष-2026-2027 हेतु जनपद न्यायालय परिसर सहारनपुर स्थित समस्त 07 प्रतिष्ठानों के ठेके की नीलामी की विज्ञप्ति प्रकाशनार्थ / आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित है।

अस्तु, **शासनादेश संख्या-562/19-दो-2007-1007/74(टी.सी.) सूचना अनुभाग-2 लखनऊ दिनांकित 04.07.2007 के परिपेक्ष्य में आपसे अपेक्षा की जाती है कि संलग्न नोटिस का निःशुल्क प्रकाशन नियमानुसार एक राष्ट्रीय दैनिक समाचार-पत्र व स्थानीय समाचार-पत्रों (कम से कम तीन सर्वाधिक परिचालित) में करवाकर उसकी प्रति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में भिजवाया जाना सुनिश्चित करें।**

भवदीय

**संलग्नक-** **यथोक्त ।**

28-4-26

(मौ0 अहमद खान)
अध्यक्ष नीलामी समिति/
अपर जिला जज / विशेष न्यायाधीश
(एस.सी./एस.टी.एक्ट) सहारनपुर।

प्रेषक,

**मौ0 अहमद खान**
**अध्यक्ष नीलामी समिति /**
**अपर जिला जज / विशेष न्यायाधीश**
**(एस.सी./एस.टी.एक्ट), सहारनपुर।**

प्रेषित,

**जिला सूचना अधिकारी**
**सहारनपुर।**

**पत्रांक-** 123/XVCN/2026 **दिनांक-** 28-4-2026

**विषय:** **न्यायापीठ सहारनपुर स्थित विभिन्न सात प्रतिष्ठानों की वित्तीय वर्ष-2026-2027 हेतु ठेके की नीलामी की विज्ञप्ति के प्रकाशन के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त सन्दर्भित विषय में अवगत कराना है कि वित्तीय वर्ष-2026-2027 हेतु जिला न्यायालय सहारनपुर परिसर स्थित 1- चाय कैन्टीन, 2- साईकिल स्टैन्ड, 3- दो फोटोस्टेट दुकान , 4- दो पान की दुकान व 5- रेहड़ी दाल मौठ इस प्रकार कुल 07 प्रतिष्ठानों के ठेके की नीलामी की विज्ञप्ति **शासनादेश संख्या-562/19-दो-2007-1007/74(टी.सी.) दिनांकित 04.07.2007** के आलोक में आपके कार्यालय के माध्यम से कराया जाना अपेक्षित है। इस पत्र के माध्यम से वित्तीय वर्ष-2026-2027 हेतु जनपद न्यायालय परिसर सहारनपुर स्थित समस्त 07 प्रतिष्ठानों के ठेके की नीलामी की विज्ञप्ति प्रकाशनार्थ / आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित है।

अस्तु, **शासनादेश संख्या-562/19-दो-2007-1007/74(टी.सी.) सूचना अनुभाग-2 लखनऊ दिनांकित 04.07.2007 के परिपेक्ष्य में आपसे अपेक्षा की जाती है कि संलग्न नोटिस का नि:शुल्क प्रकाशन नियमानुसार राष्ट्रीय दैनिक समाचार-पत्र व स्थानीय समाचार-पत्रों (कम से कम तीन सर्वाधिक परिचालित) में करवाकर उसकी प्रति तथा जनपद सहारनपुर के राजकीय पोर्टल पर अपलोड़ करवाकर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में भिजवाया जाना सुनिश्चित करें।**

भवदीय

**संलग्नक-** **यथोक्त ।**

28-4-26

(मौ0 अहमद खान)
अध्यक्ष नीलामी समिति/
अपर जिला जज / विशेष न्यायाधीश
(एस.सी./एस.टी.एक्ट) सहारनपुर।

**प्रतिलिपि-** ज़िलाधिकारी सहारनपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित।

अध्यक्ष नीलामी समिति
अपर जिला जज / विशेष न्यायाधीश
(एस.सी./एस.टी.एक्ट) सहारनपुर।